राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार समारोह के अवसर पर प्रधान मंत्री का संबोधन

(दिनांक 19 अगस्त, 2012)

मुझे बहुत खुशी है कि मुझे एक बार फिर श्री राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार समारोह में शामिल होने का मौका मिला है । यह पुरस्कार अब हमारे कैलेंडर का एक अहम् हिस्सा बन गया है । आज के दिन अपने देश के एक महान अग्रणीय नेता श्री राजीव गांधी जी के काम और विचारों को याद करते हैं और उन व्यक्तियों और संस्थाओं का सम्मान करते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय सद्भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

श्री राजीव गांधी जी एक मजबूत और खुशहाल भारत का निर्माण करना चाहते थे । वह यह अच्छी तरह जानते थे कि भारत तभी तरक्की कर सकता है जब हम सभी देशवासी एक-दूसरे के साथ शांति, सहनशीलता और सद्भाव के साथ रहें। आधुनिक भारत के निर्माण में श्री राजीव गांधी जी का एक बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने देश में टेक्नोलॉजी खास तौर पर कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया । सत्ता के De-centralization के लिए और खास तौर पर पंचायती राज को मजबूत करने के लिए उन्होंने ऐतिहासिक कदम उठाए । पर्यावरण की रक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए उन्होंने नई शुरुआतें कीं । उनकी याद से हमें राष्ट्रहित और जनहित के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है और हमेशा मिलती रहेगी ।

इस साल श्री राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार श्री डी. आर. मेहता को दिया जा रहा है । श्री मेहता एक सफल प्रशासक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं । उनके काम, उनकी सोच और जनता की भलाई के लिए उनके Commitment की वजह से हम सब उनका आदर और सम्मान करते हैं । श्री मेहता ने 37 साल पहले भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की शुरुआत की थी । इस संस्था ने लाखों असमर्थ और असहाय लोगों की मदद करके उनकी जिंदगी बदली है । एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के 26 देशों में इस संस्था ने गरीब और शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों को कृत्रिम अंगों का दान दिया है । यह कहना गलत नहीं होगा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति इस तरह के लोगों की सहायता करके एक प्रकार से उनको एक नया जीवनदान दे रही है ।

मैं श्री डी. आर. मेहता और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति से जुड़े सभी लोगों को मुबारकबाद देता हूँ जो श्री मेहता के नेतृत्व में समाज सेवा का पवित्र काम कर रहे हैं। श्री मेहता इस सम्मान के सही मायनो में हकदार हैं । मेरा हमेशा यह मानना रहा है कि सामाजिक संस्थायें सरकार के साथ भागीदारी करके हमारे देश में भाईचारे और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने में एक बड़ा योगदान दे सकती हैं । भारत जैसे विशाल और विविध देश में जनता की जरूरतों और उम्मीदों को पूरा करने के लिए सरकार और गैर-सरकारी संस्थाओं को आपस में सहयोग करने की आवश्यकता है । मुझे इस बात से बेहद खुशी है कि श्री डी. आर. मेहता जैसे समझदार नागरिकों के नेतृत्व में आजकल बड़ी संख्या में हमारे नौजवान समाज-सेवा के लिए आगे आ रहे हैं ।

श्री डी. आर. मेहता भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के जरिए एक ऐसा काम कर रहे हैं जिससे हमारा एक-दूसरे पर विश्वास बढ़ता है । समाज में एक-दूसरे पर आस्था बढ़ाने के इस काम के लिए मैं उनको एक बार फिर बधाई देता हूँ । मुझे पूरा विश्वास है कि वह अपना अच्छा काम आगे भी जारी रखेंगे और हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे । मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वह श्री मेहता को स्वस्थ रखें और हर काम में उन्हें सफलता प्रदान करें ।

***